राजस्थान–सरकार

कार्यालय उप निदेशक

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, उदयपुर

[Near Residency Area, Madhuwan, Udaipur, Phone-0294 2410772, Email-sjeudaipur@yahoo.com

क्रमांक :सान्याअवि / 2020 / छात्रवृति / 4312 दिनांक : – 12.10.2020

श्रीमान् प्रभारी अधिकारी / प्राचार्य
समस्त राजकीय / गैर राजकीय महाविघालय
उदयपुर राज.

विषय :– छात्रवृति पोर्टल पर उपलब्ध SCHOLARSHIP आईकन में किये गये संशोधन के संबंध में ।

महोदय

उपरोक्त विषयान्तर्गत उत्तर मैटिक छात्रवृति योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2016–17 से 2019–20 के छात्रवृति पोर्टल की समीक्षा करने पर यह पाया गया कि बडी संख्या में आवेदन आक्षेपित होकर छात्र स्तर पर और संस्था के स्तर पर लंबित है । इस हेतु निदेशालय द्वारा पोर्टल पर कुछ नये आईकन का प्रावधान किया गया है ।

1. शैक्षणिक संस्था द्वारा संचालित छात्रवृति पोर्टल पर पूर्व में आवेदन की जांच हेतु संस्था की SSO ID पर SCHOLARSHIP आईकन पर क्लिक कर छात्रवृति आवेदनों की जांच की जाती थी । लेकिन वर्तमान में SCHOLARSHIP (SJE) आईकन पर क्लिक कर छात्रवृति आवेदन पत्रों की जांच किया जाना सुनिश्चित करे ।
2. आपकी शैक्षणिक संस्था में अध्यनरत छात्रों को ऑनलाईन आवेदन करने या गत वर्ष के आवेदन पत्रों के आक्षेप पूर्ति हेतु भी छात्रों को वर्तमान में अपनी SSO ID पर SCHOLARSHIP (SJE) आईकन पर क्लिक कर आवेदन करने या आक्षेप पूर्ति करने हेतु सूचित करे , ताकि बच्चों को छात्रवृति का लाभ मिल सके ।
3. वित्तीय वर्ष 2020–21 में छात्रवृति हेतु ऑनलाईन आवेदन करने हेतु पोर्टल दिनांक 01.10.2020 से प्रारंभ हो चुका है । (संलग्न–आदेश की प्रति) उक्त संदर्भ में निदेशालय से प्राप्त आदेश की प्रति संलग्न है । जिसके आधार पर अपकी संस्था में अध्ययनरत छात्रों को सूचित करे ।
4. आपकी संस्था में अध्ययनरत छात्रों को छात्रवृति पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन करने हेतु या संस्था के छात्रवृति पोर्टल पर आवेदन पत्रों की जांच हेतु mogila firefox Browser पर ही छात्रवृति पोर्टल को संचालित करे । ताकि वेबसाईट पर पॉपऑप ब्लॉक और ओटीपी से संबंधित समस्या नही आए ।
5. यदि वित्तीय वर्ष 2020–21 के छात्रवृति पोर्टल पर या अपनी संस्था में अध्ययनरत छात्रों को ऑनलाईन आवेदन करने में कोई समस्या हो तो scholarship.sje@rajasthan.gov.in or Support.sje@rajasthan.gov.in पर मेल कर सूचित करे ।

उक्त पोर्टल पर किये गये नये आईकन के प्रावधान अनुसार संस्था के स्तर पर लंबित व छात्रो के स्तर पर आक्षेपित आवेदन पत्रों के निस्तारण की कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करे ।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार

All Head / SS / Notice board / website / facebook Pg
13/10/2020

भवदीय

(मान्धाता सिंह राणावत)
उपनिदेशक
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग
उदयपुर

D:\MANDAHATA SIR\ GENERAL LATTER